एम वाई प्रोडक्शन, परफेक्ट पहनावा व पिक पोज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे फोटोशूट माय परफेक्ट पोज सीजन २ में अवार्ड सेरेमनी में आईएफबीसी डांस स्टूडियो साकेत में फिल्म व टीवी जगत के मशहूर अभिनेता सुमेध मुद्गलकर शिरकत करेंगे, सुमेध मुद्गलकर ने सुप्रसिद्ध धारावाहिक सीरियल राधा कृष्ण से पूरे देश में अलग पहचान बनाई हैं, सोशल मीडिया पर कृष्णा का किरदार निभाने वाले सुमेध की वीडियो चर्चा का विषय रहती हैं, सुमेध से मिलने व फोटो कराने के लिए उनके फैंस में बहुत उत्साह देखने को मिलता हैं आयोजक मो. यमन, अमन वर्मा, शिखा गुप्ता, अमीषा गुप्ता ने बताया कि अलग अलग राज्यों व शहरों से उनके फैंस मिलने के लिए दिल्ली आयेंगे जिसमे पोर्टफोलियो शूट के साथ साथ सुमेध मुद्गलकर से मिलने वह फोटोशूट करवाने का मौका दिया जायेगा, अवार्ड शो में कोटा राजस्थान से निकलकर बहुत कम उम्र में फैशन व ब्यूटी के क्षेत्र में नई दिल्ली में खुद का ब्यूटी ब्रांड स्थापित करने वाली ग्लैमर ए ब्यूटी सलून की मालिक इशिका तंवर को बेस्ट सलून अवार्ड से मशहूर अभिनेता सुमेध मुद्गलकर सम्मानित करेंगे तो वही बेस्ट मकेउप आर्टिस्ट के लिए शुक्लागंज उन्नाव की निवासी गीता साहू, बेस्ट कॉमेडी अवार्ड के लिए उन्नाव से लक्ष्य निगम, बेस्ट फोटोग्राफी अवार्ड के लिए अनुमेश शुक्ला सहित तमाम लोगों को सुमेध सम्मानित करेंगे, कोविड नियमों का ध्यान रखते हुए पूरे कार्यक्रम का आयोजन आगामी 5 सितम्बर को साकेत में किया जायेगा जिसमे वैक्सीनशन कार्ड के साथ ही प्रतिभागियों व उनके पारिवारिक जनों को स्टूडियो में प्रवेश दिया जायेगा, कार्यक्रम का संचालन सलमान शफीक द्वारा किया जायेगा बताते चले सलमान भी बड़े बड़े मंचो व फैशन शो में अपनी कलाकारी का जलवा बिखेर चुके हैं, सलमान शफीक को भी आयोजन समिति व सुमेध मुद्गलकर सम्मानित करेंगे !

पैर भी मांगते हैं केयर

नीतू गुप्ता

चेहरे की केयर तो सभी कर लेते हैं, चेहरे के साथ पैरों की केयर करना भी जरूरी है। अगर आपके पैर साफ होंगे तो छिपाने की जरूरत नहीं महसूस होगी। कामकाजी महिलाओं के लिए तो और भी जरूरी है पैरों को साफ रखना क्योंकि उन्हें कई प्रकार के ड्रेस अनुसार फुटवियर पहनने पड़ते हैं। उनसे दिखते गंदे पांव ड्रेस और फुटवियर की शान को भी बिगाड़ देते हैं।

अगर आप के पांव भी अक्सर गंदे रहते हैं तो उनकी केयर बहुत जरूरी है। व्यक्तित्व बिगाड़ने के साथ आपके पैरों की दर्द भी बढ़ा सकते हैं आपके गंदे पांव। अगर आपका शेडयूल बिजी है तो सुबह और शाम दो बार थोड़ा समय निकाल कर उनकी देखभाल करना प्रारंभ करें।

प्रातः करें पैरों की देखभाल :-

कामकाजी महिलाओं को विशेषकर कुछ विशेष पेशों वाली महिलाओं को सफर भी करना पड़ता है, लोगों से मुलाकात भी करनी होती है। उनकी ड्रेस भी इस तरह की होती है कि अगर पैरों का ध्यान न रखा जाए तो पैरों की खूबसूरती पर प्रभाव पड़ता है। अगर हम नहाते समय थोड़ा ध्यान दें तो पैर खूबसूरत और साफ लगेंगे। नहाते समय पांव पर साबुन लगाकर उन्हें हल्का रगड़ कर साफ प्यूमिक स्टोन की सहायता से करें। विशेषकर एड़ियों की सफाई रगड़ कर करें। बाकी पांव को भी साबुन की झाग बनाकर नाखूनों, पैरों की उंगलियों और उनके बीच के स्थान को साथ करें। नहाने के बाद पांवों को भी पोंछकर सुखाएं और उनकी नमी बरकरार रखने हेतु उन पर माश्चराइजर लगाएं ताकि दिन भर पांव स्मूद बने रहें। कॉटन सॉक्स या ट्रांसपेरेंट साक्स भी पहन सकते हैं। वैसे बाजार में कई पांव की त्वचा अनुसार क्रीम आती है उसका प्रयोग भी आप कर सकती हैं।

सोने से पहले करें देखभाल :-

रात्रि में सोने से पहले अपने पैरों को कुनकुने पानी से धोएं। अगर समय हो तो पांव पर बेसन या ओटमील का लेप लगाएं। उसके बाद उन्हें प्यूमिक स्टोन से मल कर साफ करें ताकि डेड स्किन निकल जाए। पांव धोकर सुखाकर उस पर यूरिया मिक्स क्रीम और फैटी एसिड वाली क्रीम लगाएं। इसके प्रयोग से त्वचा में नमी बनी रहती है और दरारें भी नहीं आतीं। सॉक्स जरूर पहनें।

जूता, चप्पल हो सही :-

फैशन के साथ कंफर्ट का ध्यान भी जरूर रखें। फुटवियर खरीदते समय ध्यान दें कि आपको कितना चलना या खड़ा होना पड़ता है। फुटवियर साफ्ट हों तो आराम महसूस होता है क्योंकि सारे शरीर का भार पैरों पर रहता है। अगर हाई हील वाले फुटवियर पहनेंगे तो शरीर का भार पंजों और हिल्स पर अधिक रहेगा। अधिक देर तक हील्स वाले फुटवियर पहन कर चलने और खड़ा होने से एड़ियों और घुटने में दर्द की शिकायत होने लगती है। हाई हील्स के चप्पल जूतों से मांसपेशियां भी प्रभावित होती है।

कुछ आफिस में फार्मल ड्रेस के साथ हील वाले फुटवियर पहनने पड़ते हैं। ऐसे में प्लेटफार्म फुटवियर पहनें। कभी कभी पैरों में फंगल इंफेक्शन हो जाता है। ऐसे में खुले फुटवियर पहनें। जिनके पांव की त्वचा काफी खुश्क रहती हैं, उन्हें बंद जूते पहनने चाहिए।

अगर हो पैरों में दर्द :-

कामकाजी महिलाओं को काफी भाग दौड़ करनी होती है। ऐसे में उन्हें पैरों और टांगों के दर्द की शिकायत होना आम समस्या बन जाती है। डर्मेटालजिस्ट के अनुसार ऐसे में रात्रि में कुनकुने पानी में नमक डालकर उसमें पैर 15 से 20 मिनट तक रखें। फिर सुखाकर अच्छे तेल या रिच माश्चराइजर से फुट मसाज करें। पैरों की एड़ियों और तलवों पर भी मालिश करें। अगर दर्द ज्यादा हो तो फिजियोथेरेपी करवाएं।



अरेंज मैरिज

ही भारतीय समाज का आधार क्यों?

पाली गुप्ता

मुझे लगता है कि भारत उन विशेष देशों में से एक है, जहां आज भी, पहले समाज और उसकी मर्यादा है और बाद में कहीं जाकर आपकी अपनी पसंद और खुशी? उदाहरण के लिए हम 'अरेंज मैरिज' को ही ले लें। भारत में अरेंज मैरिज के सफल होने की निश्चितता हो या न हो लेकिन लंबे समय तक चलने की गारंटी है क्योंकि भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा आज भी गांवों में है, जहां आज भी परिवार को मान्यता ज्यादा दी जाती है और उसकी प्रतिष्ठा को बनाए रखना ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

मेरी दादी की शादी हुई, जब वे सिर्फ 14 साल की थी। अगले कुछ वर्षों में उनके बच्चे भी हो गए। ये शायद वो पल होते हैं जिंदगी के, जिसे हर इंसान अपनी पढ़ाई और करियर में लगाता है और अपनी जिंदगी में कुछ करना और बनना चाहता है। उस वक्त में उन्होंने एक बड़े परिवार की जिम्मेदारी संभाल ली और उन्हें यह भी याद नहीं कि उन्होंने अपनी जिंदगी कब जी, इसका मतलब यह नहीं कि हमारे बड़ों ने जो किया वो गलत था लेकिन हम ये जानते हैं कि अरेंज मैरिज हमें अपनी मर्जी अपने निर्णय और इच्छाओं के विरूद्ध भी काम करवाती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वे लड़कियां हैं जो अरेंज मैरिज के बाद दहेज कुप्रथा जैसी परेशानियों से आज भी जूझ रही हैं।

हमारे बड़े बुजुर्ग सामान्यतः एक योग्य वर या वधू उनकी कुंडली,पढ़ाई, परिवार और बाहरी सुंदरता को ध्यान में रख कर तय करते हैं लेकिन ये सारी बातें तभी सार्थक होंगी, जब लड़का और लड़की एक दूसरे के विचार, व्यवहार और एक दूसरे की भावनाओं को समझें और सम्मान करें परंतु यह तो तभी संभव है न जब कम से कम लड़का लड़की शादी से पहले एक दूसरे को देख, समझ और जान पाएं जिसका मुख्यतः अभाव अरेंज मैरिज में पाया जाता है।

यहां परिवार और समाज अपने बच्चों को अरेंज मैरिज के द्वारा सामाजिक सुख, सुविधाएं प्रदान करता है और समय–समय पर उनकी समस्याओं को पूरा परिवार मिलजुल कर सुलझाता है क्योंकि अरेंज मैरिज का आधार ही समझौता और सामंजस्य है। यही कारण है कि लोग अरेंज मैरिज को ज्यादा लंबा और सफल मानते हैं। वहीं लव मैरिज एक दूसरे की खुशी, सम्मान, इच्छाओं और आपसी समझ पर आधारित होती है लेकिन उनकी किसी भी समस्या में उनके परिवार वालों का साथ न होना और हर वक्त परिवार के द्वारा यह एहसास दिलाया जाना कि उन्होंने जो किया वो गलत है और उनकी किसी भी समस्या में उनके साथ नहीं होंगे, एक बड़ा कारण है जिसके चलते ज्यादातर लड़के–लड़कियां चाह कर भी एक दूसरे के साथ जीवन व्यतीत नहीं कर पाते क्योंकि वे अपने परिवार से अलग होकर कोई ऐसा कदम नहीं उठातें, जिससे उनके परिवार वालों को उनकी वजह से समाज में शर्मिंदा होना पड़े।

एक सफल शादी तो वही है, जहां पर आपसी प्यार,त्याग और सम्मान हो एक दूसरे के लिए और एक दूसरे से जुड़े सभी रिश्तों के लिए हों न कि उन जबरदस्ती जोड़े हुए रिश्तों के लिए जहां हर वक्त यही सोचना पड़े कि ऐसे रिश्तों को निभाएं कैसे जिसे उन्होंने ठीक से समझा ही नहीं।

आज जैसे जैसे हमारे भारतीय समाज में लोगों ने अपने कपड़ों और रहन सहन के तरीकों में बदलाव किया है, वही परिवर्तन वे अपने बच्चों की जिंदगी, शादी जैसे बड़े फैसलों में लाएं और समझें कि अरेंज मैरिज ही आज सामाजिकता के दायरे में नहीं आती बल्कि उनके आशीर्वाद से हुई लव मैरिज भी एक सफल और स्वस्थ समाज को बनाती है।

हेयरफॉल से परेशान हैं आप

सुनीता गाबा

भागदौड़ के इस युग में तनाव, मोटापा व मधुमेह रोगों के साथ–साथ हेयरफाल भी एक समस्या बनता जा रहा है। उम्र के साथ तो सभी के बाल कम होते जाते हैं परन्तु समय से पहले जवानी में बालों का झड़ना परेशानी का कारण है। यदि आप भी परेशान हैं बालों के असमय झड़ने से तो ध्यान दें एक्सपर्ट की राय पर :–

त हेयर विशेषज्ञों के अनुसार पुरूषों को बाल झड़ने की समस्या औरतों से अधिक होती है क्योंकि अधिकतर पुरूष वही शैम्पू और तेल इस्तेमाल करते हैं जिन्हें घर की महिलाएं करती हैं। यह आवश्यक नहीं कि जो शैम्पू, तेल महिलाओं को सूट करे, वही पुरूषों के लिए उचित हों, इसलिए अपने बालों के स्वभाव अनुसार शैम्पू, तेल का प्रयोग करें।

- अधिक एंटीडैंड्रफ शैम्पू का प्रयोग न करें। यह सिर की प्राकृतिक नमी को धीरे–धीरे खत्म कर देता है।
- जब भी बालों में शैम्पू करें, बाल गीले कर शैम्पू लगाएं और उंगलियों के पोरों से धीरे–धीरे बालों में मालिश करें ताकि बालों की जड़ों में ब्लड सर्कुलेशन ठीक बना रहे।
- बालों पर जैल और हेयर स्प्रे के प्रयोग से बचें। इनसे बाल सख्त हो जाते हैं और अधिक झड़ते भी हैं जो बालों के स्वास्थ्य हेतु ठीक नहीं।
- बालों पर हमेशा स्कार्फ और टोपी न पहनें क्योंकि हमेशा इनके प्रयोग से बालों में पसीना आएगा। बालों में संक्रमण होने से जड़ें कमजोर हो जाएंगी और बाल झड़ने की प्रक्रिया तेज होगी।
- गीले बाला. में कंघी चौड़े दांतों वाली कंघी से करें। पतले दांतों से कंघी करने पर बाल अधिक टूटेंगे। दिन में तीन से चार बार बाला. में कंघी का प्रयोग करें ताकि बालों की चिपचिपाहट भी दूर हो और ब्लड सर्कुलेशन भी ठीक रहे।
- एक्सपर्ट्स के अनुसार बालों के झड़ने का सीधा संबंध तनाव से होता है। तनाव से बालों की जड़ें कमजोर होती हैं और बाल टूटने लगते हैं। तनाव को दूर रखने का प्रयास करें।
- आहार पौष्टिक लें। जंक फूड से बचें। खाने में प्रोटीन, विटामिन बी 6 तथा जिंक की पर्याप्त मात्रा लें। अंकुरित दालें लें। पानी खूब पिएं।
- सिर पर जैतून, नारियल या सरसों के तेल की हल्के हाथों से मसाज करें। मसाज उंगलियों के पोरों से करें। ब्राह्मी या भृंगराज तेल से भी मालिश कर सकते हैं। मालिश के उपरांत गर्म पानी में भीगे गीले तौलिए को निचोड़ कर सिर पर रखें ताकि सिर को भाप मिले और रोमछिद्र खुलने से तेल जड़ों में समा सके और जड़ें मजबूत बन सकें।
- एक अंडे की जर्दी फेंट कर सप्ताह में एक बार बालों में लगाएं और 20 मिनट उपरांत माइल्ड शैम्पू से बाल धो लें।
- शहद में एक केले को मैश कर मिलाएं। इसमें थोड़ा सा दूध तथा दही मिक्स कर बालों पर लगाएं। 15–20 मिनट पश्चात बाल धो लें। जड़ें मजबूत होंगी।

पुदीना

गर्मियों में अमृत समान है

ए.पी.भारती

पुदीना यूं तो साल भर स्वास्थ्य के लिए अच्छा है मगर पाचन तथा शीतल गुणों के कारण यह गर्मी के मौसम में विशेष रूप से लाभदायक है। आजकल पेट की गड़बड़ी 90 प्रतिशत लोगों को हो जाती है। ऐसे में पुदीना सर्वाधिक सस्ता और सुरक्षित उपचार साधन है। इसे हर घर में उगाना चाहिए। न जाने किस वक्त इसकी जरूरत पड़ जाए।

इसे उगाने के लिए न तो कोई खर्चा होता है, न मेहनत लगती है, न इसे विशेष देखभाल की जरूरत होती है। घर के अहाते में यदि कहीं हाथ भर खाली जगह हो तो रेतली मिट्टी में गोबर के कंपोस्ट खाद मिलाकर पुदीने की जड़ें रोप कर पानी दे दें। इसे प्रातः या सायंकाल पानी देते रहें बस। इतंने से ही यह बढ़ता रहेगा। आइये इसके औषधीय उपयोगों के बारे में जानें।

- गर्मी के मौसम में खाने में ऊंच–नीच हो जाए तो अजीर्ण की शिकायत हो जाती है। ऐसे में पुदीने की पत्तियां कूटकर उनका रस निचोड़ लें, मामूली सा काला नमक डाल कर पी लें। इससे जल्दी ही अजीर्ण से मुक्ति मिल जाएगी।
- पुदीने के पत्ते, काली मिर्च, हरी मिर्च, टमाटर, जीरा, किशमिश, हींग और सेंधा नमक पीसकर चटनी बना लें। इसे भोजन के साथ खाएं तो न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ेगा, भोजन आसानी से पचेगा बल्कि अनेक रोगों से बचाव होगा और साथ ही स्वास्थ्य व सौंदर्य भी बेहतर होगा।
- अक्सर गर्मी के मौसम में उल्टी–दस्त की समस्या हो जाती है। यह जब शुरू हो जाते हैं तो बार बार होते हैं और घंटे दो घंटे में ही पीड़ित व्यक्ति अत्यधिक कमजोर हो जाता है। इसका शुरू में ही उपचार कर लिया जाए तो बेहतर होगा। जैसे ही लगे कि जी घबरा रहा है, तभी पुदीने की 10–15 पत्तियां पीस कर उनका रस निचोड़ लें और आधा गिलास पानी में डालें। इसमें दो चम्मच चीनी घोल कर पी लें। दही में पुदीने का रस और नमक डालकर खाने से भी समस्या दूर हो जाएगी।
- गर्मी में पेशाब का जलन के साथ आना या रूक–रूक कर आने की समस्या भी पैदा हो जाती है। सूखा धनिया और पुदीने के पत्ते बारीक पीसकर रस निचोड़ लें। पानी में मिश्री घोलकर रस भी इसी में मिलाकर पीने से लाभ होगा।
- पुदीने का शर्बत पीने से लू के प्रभाव से बचे रह सकते हैं। शर्बत के लिए 15–20 पुदीने के पत्ते, मुनक्का, मिश्री, बर्फ और पानी का उपयोग करें।
- लगातार हिचकियां आ रही हों तो चीनी और पुदीने के पत्ते पान की तरह चबाकर चूसें।
- खांसी में अदरक के साथ पुदीने के पत्ते चबाकर चूसें।
- पैर के तलुओं में जलन हो रही हो तो मुट्ठी भर पुदीने के पत्ते पीस कर फ्रिज में कुछ देर रखें। फिर इसे तलुओं पर रगड़े।
- पेट में जलन हो रही हो तो पुदीने की पत्तियों को कच्चे आम के साथ पीसकर रस निचोड़ लें। इसे बहुत हल्के नमक के साथ दही या छाछ में मिलाकर लें।
- टांसिल सूज कर परेशान कर रहे हों तो गुनगुने पानी में पुदीने का रस मिलाकर गरारे करें।
- जहरीला कीड़ा काट ले तो उस भाग पर पुदीना पीसकर लगाएं और पान की तरह पुदीने की पत्तियां चबाकर चूसें।
- चेहरे पर कील–मुंहासे और अन्य तरह के दाग–धब्बे हों तो रात को रोजना सोते समय पुदीने के पत्तों का रस निकालकर उसमें नींबू का रस और गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाकर सो जाएं। प्रातः ताजे जल से चेहरा धोएं। तीन चार सप्ताह के नियमित इस्तेमाल से चेहरा दाग–धब्बे रहित होकर निखर जाएगा।
- खट्टी डकारें आ रही हों तो पुदीने के पत्ते पीसकर दही में मिलाएं और थोड़ा सा काला नमक डालकर खाएं।
- काली मिर्च, पुदीना, छुहारा, जीरा, काला नमक, सेंधा, मुनक्का पीसकर दैनिक भोजन के साथ खाएं जिन्हें भूख न लगने की शिकायत हो वह इसके नियमित इस्तेमाल से दूर हो जाएगी और पाचन क्षमता में वृद्धि होगी।

धूम्रपान छूट सकता है

राकेश रॉकी

धूम्रपान की लत किसी व्यक्ति को विभिन्न प्रकार की कई घातक बीमारियों की ओर प्रवृत कर सकती है। यह फेफड़ों के कैंसर, स्थाई फेफड़ा शोथ, हृदय रोग तथा फेफड़े के राजयक्ष्मा जैसे घातक रोगों का कारण बनने के अतिरिक्त मुंह, गले तथा ब्लैडर में कैंसर भी पैदा कर सकती है।

सिगरेट पीने वालों में ये बीमारियां विशेषकर अधिक होती हैं। उदाहरण के लिये ब्रिटेन में फेफड़े के कैंसर से धूम्रपान न करने वालों की मृत्यु दर धूम्रपान करने वालों की अपेक्षा काफी कम है। 35 से 75 साल की आयु के मध्य के लोगों में प्रत्येक दो हजार में केवल एक जबकि यही दर धूम्रपान करने वालों में 30 से 40 प्रतिशत अधिक है। जो लोग जो सिगार या पाइप पीते हैं, सिगरेट पीने वालों से इन रोगों से कम पीड़ित है तथापि न पीने वालों के मुकाबले में फेफड़ों के कैंसर से अधिक पीड़ित है यद्यपि सिगार और पाइप में भी उतना ही कैंसर उत्पादक मादक द्रव्य होता है जितना सिगरेट में। तथापि सिगरेट क्यों ज्यादा हानिकारक है इसका पता नहीं चल पाया।

धूम्रपान से होने वाली हानियों से तभी बचा जा सकता है यदि इसे पूर्ण रूप से त्याग दिया जाये। यह साबित किया गया है कि ऐसे लोग जिन्होंने धूम्रपान पूर्णरूप से बंद कर दिया है, की मृत्यु दर में स्थाई तथा तत्काल कमी आयी। इसके लिये तुलनात्मक अध्ययन जैसे मृत्यु का कारण, सिगरेट पीने वाले की आयु तथा उससे कितनी अवधि तक धूम्रपान किया, किये गये। यह पाया गया है कि दस वर्ष के आत्मसंयम (सिगरेट न पीने के) से विशेष रोगों जैसे फेफड़ा कैंसर आदि की सम्भावनाएं धूम्रपान न करने वाले से थोड़ी ही कम रह जाती है।

यद्यपि धूम्रपान छोड़ने के अन्य कई तरीके बताये जाते हैं परन्तु दवाइयों से इलाज या सम्मोहन की क्रियाओं से बेहतर दृढ़ आत्मशक्ति है जो सबसे उचित भी है।

एक नियमित आदत द्वारा आप धूम्रपान की आदत को छोड़ सकते हैं, जैसे आप सप्ताह में पीने वाली सिगरेटों की संख्या एक तथा दो या ज्यादा प्रति सप्ताह क्रमशः कम कर सकते हैं। इसके पश्चात यह क्रिया आप दैनिक रूप से करें। निस्संदेह इससे आपकी सिगरेट पीने की संख्या में कमी आयेगी। इस तरह आप सुबह तथा भोजन के बाद पी जाने वाली सिगरेटों को छोड़ सकते हैं। एक समय आयेगा जब आप इस आदत से पूर्ण रूप से छुटकारा पा जायेंगे।

एकदम ही पूर्ण रूप से सिगरेट पीना छोड़ना सम्भवतः सर्वश्रेष्ठ तरीका है परन्तु इसके लिये दृढ़ ग्रही होना आवश्यक है। सिगरेट छोड़ने वाले को सिगरेट के विकल्प के बारे में सही निर्णय लेना चाहिए। ऐसे में वह टाफी चबा सकता है या चने चबा सकता है या कोई पेय सिप कर सकता है।

इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि स्थानापन्न के रूप में ऐसी वस्तु न ली जाये जो बाद में आपकी आदत बनकर हानि ही पहुंचाये। यात्राा के समय ऐसे डिब्बे में बैठ सकते हैं जो नान–स्मोकिंग हो या भोजन के समय ऐसे लोगों के साथ बैठा जा सकता है जो धूम्रपान न करते हो।

जो लोग सिगरेट पीना नहीं छोड़ सकते, वे कम करने का प्रयास करें। इसके धुएं को भीतर न ले जाने का भी प्रयास करें। यदि यह भी मुश्किल लगे तो सिगार या पाइप पीना शुरू करें। यदि आप कुछ न कर सकें तो निस्संदेह धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों के लिये स्वयं जिम्मेवार होंगे।

ठंडा

रहने के लिए पियें कुछ कूल-कूल

नीतू गुप्ता

गर्मियां आते ही सबका मन करता है जो खाएं, ठंडा खाएं, जो कुछ पिएं, ठंडा पिएं जिसको पीने से प्यास भी बुझे और अन्दर ठंडक भी मिले। आइए देखें क्या पिएं जिससे ठंडक भी मिले और स्वास्थ्य भी ठीक रहे।

लस्सीः-

दही की लस्सी उत्तरी भारत का सबसे प्रिय पेय है। विशेषकर पंजाब में इसे लोग नियमित रूप से पीते हैं। दही की लस्सी बाजार में भी आसानी से मिल जाती है और घर में बनाना भी बहुत आसान है। लस्सी को आप अपने मन पसंद तरीकों से बना सकते हैं जैसे छाछ, नमकीन लस्सी, मीठी लस्सी, आम वाली लस्सी, रूहअफज़ा लस्सी और जीरा लस्सी, घर आए मेहमान को लस्सी पिला कर उसका मन जीत सकते हैं और गर्मी से राहत भी दिला सकते हैं।

नारियल पानीः-

नारियल पानी (डाब) गर्मियों में उत्तम पेय है जो शरीर को स्फूर्ति और ठंडक देता है। गर्मियों में शरीर से निकलने वाले पसीने से जल और लवणों की कमी हो जाती है जिसे नारियल पानी पीने से दूर किया जा सकता है।

पन्ना :-

पन्ना कच्चे आम से बनता है जो शरीर को ठंडक प्रदान करता है। पन्ना घर में भी थोड़ी सी मेहनत कर बनाया जा सकता है और बाजार से लाकर भी इसके सेवन का आनन्द उठाया जा सकता हैं। पन्ना गर्मी की लू से बचा कर रखता है।

शिकंजवी :-

नींबू पानी बनाना सबसे सरल तरीका है। चाहें तो नींबू पानी थोड़े से नमक के साथ ले सकते हैं, चाहें तो चीनी और रूह अफज़ा के साथ। नींबू पानी शरीर को गर्मी की तपिश से बचाता है और विटामिन सी भी देता है। नींबू पानी में थोड़ी पुदीने की पत्तियां और भुना जीरा डाल देने से नमकीन शिकजंवी का स्वाद ही कुछ और होता है।

जलजीराः-

बाजार में जलजीरा के पैकेट आसानी से मिलते हैं। जलजीरा पाउडर में जो मसाले डाले जाते हैं, सब उष्णता को शांत करने वाले होते हैं। इन्हें इच्छानुसार आवश्यकता होने पर पानी में घोलिए और बर्फ मिला कर इसका आनन्द लें। बाजार में उपलब्ध घुले हुए जलजीरे का सेवन मत करें क्योंकि उसमें पड़े कच्ची बर्फ तथा पानी सेहत को लाभ पहुंचाने के स्थान पर हानि पहुंचा सकता है।

तरबूज का जूसः-

तरबूज कई खनिजों की खान है जो शरीर के लिए लाभप्रद होते हैं। गर्मियों में तरबूज का जूस वरदान माना जाता है। यह स्वाद में भी अच्छा और स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है।

ठंडाई :-

ठंडाई में कई चीज़ों का मिश्रण होता है जैसे बादाम, दूध, गुलाब की पत्तियां, छोटी इलायची आदि। ठंडाई तासीर में भी ठंडी होती है और स्वाद में भी अच्छी।

कोल्ड कॉफी :-

वैसे तो काफी पीना सेहत के लिए नुक्सानदेह माना जाता है पर गर्मियों में कभी–कभी कोल्ड कॉफी गर्मी दूर भगाने के लिए पी जा सकती है। अब शरीर में एकदम कमजोरी महसूस हो तो एक कप या गिलास कोल्ड काफी आपको एनर्जी प्रदान करती है।

इन पेयों के अतिरिक्त आप फलों का शेक आदि भी ले सकते हैं जैसे मैंगो शेक, बनाना शेक, आदि। ये सब पेय गर्मी तो दूर करते हैं साथ में स्वास्थ्य को भी नुक्सान नहीं पहुंचाते।

डॉक्टर से बचने के उपाय

विजेन्द्र कोहली

जीवन संयमित एवं नियम अनुसार चले, तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं अन्यथा बीमार होकर और नकली दवाइयां खा कर ज्यादा बीमार पड़ सकते हैं। कुछ प्राकृतिक स्वास्थ्य निर्देशों का पालन करें तो यथा संभव बीमारी एवं डॉक्टर से बचा जा सकता है।

- भोजन के साथ जल मत पिएं। आधे घंटे बाद पिएं। भोजन के साथ पानी पीने से पाचक रस काम नहीं करते।
- मूत्र त्याग के पश्चात पानी पीने से शरीर की कोशिकाओं में जल की कमी नहीं होती।
- पेचिश व मरोड़ में बार–बार शर्बत, नींबू पानी, जूस, दाल व सूप पिएं। शरीर की धातुएं संतुलित रहेंगी।
- नशे वाली वस्तुओं से यथा सम्भव बच कर रहें। थोड़ा जहर भी अमृत है। ज्यादा अमृत भी जहर बन सकता है।
- मिर्च मसाले, लाल मिर्च, अचार, ज्यादा नमक, चीनी, घी, मैदा से बचें। ये शरीर को ज्यादा लाभ नहीं देते।
- कोशिश करें कि मौसमी फल व सब्जियां ज्यादा खायें। इनसे विटामिन, एंजाइम और खनिज मिलते हैं।
- सप्ताह में एक उपवास करें या जब भूख लगे, तब खाएं। भूख न हो तो जबरदस्ती मत खाएं।
- जब भी खाएं, पौष्टिक पदार्थ खाएं। अखाद्य पदार्थ मत खाएं क्योंकि आप शरीर की कोशिकाओं का पोषण कर रहे हैं जो हमें जीवित रखती हैं।
- गुस्से एवं शोक में भोजन मत खाएं। जल्दी–जल्दी भोजन न खाएं।
- प्रातः चार कि. मी. सैर अवश्य करें। उषा पान की आदत डालें। प्रातः कालीन चाय छोड़ने का प्रयत्न करें।
- सब्जियों को अच्छे से धोकर बनाएं। यथा संभव फल भी अच्छे से धोकर सहित खाएं। आटा चोकर सहित एवं अनाज अंकुरित करके, दालें साबुत एवं अंकुरित करके खाएं। इससे इनके पोषक तत्वों में वृद्धि हो जाती है।
- दिन में तीन बार चार घण्टे के पश्चात कुछ खा लिया करें क्योंकि 4 घण्टे में पेट खाली हो जाता है।
- हरी सब्जियां व सलाद ज्यादा लें। अन्न कम खाएं। भोजन चबा कर खाएं। बासी भोजन मत खाएं। भोजन उतना ही बनाएं जितने से पूर्ति हो जाए।
- चना, गुड़, आलू, केला व शक्कर भोजन में अवश्य खायें। प्राकृतिक रंगों वाली सब्जियां व फल खाएं। प्राकृतिक रंग रोगों से मुक्त करते हैं।
- घर साफ, हवादार व रोशनीयुक्त हो। सूर्य किरणों से विटामिन डी लें।
- लस्सी, दही एवं फल सब्जियों का रस व गाजर का रस ज्यादा प्रयोग करें और तन्दुरूस्त रहें।

प्रकृति ने हमें 100 वर्ष का जीवन दिया है। हम अपनी नादानियों से इसे कम करते जा रहे हैं। नियमपूर्वक चलने से हम दीर्घायु प्राप्त कर सकते हैं।

एलर्जी जनित बीमारी है अस्थमा व दमा

संतोष देव गिरि

मौसम का मिजाज दिनोंदिन जहां तेजी के साथ बदलाव की ओर है वहीं मौसम में हो रहे बदलाव के साथ कई प्रकार की परेशानियां और बीमारियां भी हमारे आसपास मंडराने लगी हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के बाशिंदे जो इन दिनों खेत–खलिहानों में जुटे हुए हैं, उनके लिए तो खास सावधानी बरतने की जरूरत है अन्यथा बीमारी कब उन्हें गले लगा लेगी, पता भी नहीं चलेगा।

गर्मियों का मौसम शुरू होते ही वातावरण में धूल व परागकण अन्य दिनों की अपेक्षाकृत अधिक सक्रिय हो जाते हैं। खासतौर पर अप्रैल का महीना शुरू होते ही गर्मी आने के साथ गेहूं की फसलों की कटाई भी शुरू हो जाती है। ऐसे में गेहूं की कटाई से निकलने वाले धूल के कण वातावरण में फैल जाते हैं जो दमा रोगियों के लिए कष्टकारी होता हैं। ऐसे में दमा रोगियों को सावधानी बरतनी चाहिए और उन्हें दमे का अटैक पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

दमा या अस्थमा एलर्जी जनित बीमारी है जो धूल, धुएं, गाजर, घास, परागकणों से होने वाली एलर्जी के कारण उत्पन्न होते हैं। किसी भी खाद्य पदार्थ या वस्तु से एलर्जी, धूल–धुआं, प्रदूषण, इंफेक्शन और मानसिक तनाव दमा के प्रमुख कारण हैं जिसका सही समय पर उपचार न कराने पर उम्र बढ़ने के साथ यह रोग भी बढ़ने लगता है और 35 वर्ष के बाद सीओपीडी होने की आशंका बढ़ जाती है। इस रोग में सांस की नली के अन्दर वाले भाग में सूजन हो जाती है।

मांसपेशियों में संकुचन के कारण मरीज को सांस लेने में तकलीफ होती है। उसे रात में सोते समय बार–बार दम घुटने का अहसास होता है, सूखी खांसी आती है और बार–बार सर्दी–जुकाम होता है। वह बताते हैं कि एक वक्त था, जब दमा को लाइलाज माना जाता था पर अब ऐसी बात नहीं है। एलोपैथी चिकित्सा के जरिये इस बीमारी पर पूर्णतः नियंत्राण पाया जा सकता है।

डाक्टरों का कहना है कि इन्हेलर दमा के इलाज का सबसे प्रभावशाली तरीका है। इन्हेलर में दवा गैस के रूप में एकत्रा होती है। प्रयोग करते समय दवा की एक निश्चित मात्राा फेफड़े के अन्दर जाती है जो चन्द सेकेन्ड में अपना प्रभाव दिखाती है। उनका कहना है कि मरीज को जिस खाद्य पदार्थ से एलर्जी हो, उसका सेवन उसे तो कदापि नहीं करना चाहिए। और तो और बचाव के उपायों को भी नजर अंदाज कदापि न करें क्योंकि थोड़ी सी चूक बड़ी परेशानी का सबब बन बैठती है।

खेत–खलिहानों में कामकाज करने वालों के साथ पहाड़ों और पत्थर खदानों में काम करने वाले श्रमिकों को भी खास बचाव करने के साथ काम करना चाहिए अन्यथा पत्थर खदानों से निकलने वाले धूल के कण उन्हें शीघ्र ही बीमार करने के साथ घातक रोगों की गिरफ्त में ले लेंगे। वह बताते हैं कि ऐसे में टीबी की बीमारी की भी संभावना बढ़ जाती है।

गर्मियों में भी लगाएं माश्चराइजर

यह त्वचा की देखभाल के लिए एक आवश्यक तत्व है। गर्मियों में भी त्वचा को इसकी काफी जरूरत होती है क्योंकि इस मौसम में त्वचा का प्राकृतिक तेल पसीने द्वारा बाहर निकलता रहता है और त्वचा रूखी, उदासीन तथा मैली-मैली सी दिखाई देती है।

भाषणा बांसल

प्रायः महिलाएं सोचती हैं कि उन्हें माश्चराइजर केवल सर्दी के मौसम में ही प्रयोग करना चाहिए क्योंकि उन दिनों त्वचा अधिक रूखी होती है लेकिन सौंदर्य विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी में भी त्वचा को नमी की उतनी ही आवश्यकता होती है। यदि आप चाहती हैं कि गर्मी के मौसम में आपकी त्वचा कोमल, मुलायम व तरोताजा रहे तो इसके लिए नियमित रूप से माश्चराइजर का प्रयोग करना आवश्यक है।

अगर आप प्रतिदिन मेकअप नहीं भी करती हैं, तब भी त्वचा की प्राकृतिक नमी को बरकरार रखने हेतु माश्चराइजर का प्रयोग अवश्य करें। रोजाना अपने चेहरे को कम से कम चार–पांच बार धोएं परंतु इसके लिए ताजा पानी ही प्रयोग में लाएं, अधिक ठंडा पानी यानी फ्रिज का पानी नहीं। कई बार जब महिलाएं गर्मी में ऑफिस से थककर लौटती हैं तो चेहरे को ठंडक हेतु फ्रिज के पानी से इसे धोती हैं। ऐसा हरगिज न करें क्योंकि इससे आपके चेहरे पर विप. रीत प्रभाव पड़ सकता है।

गर्मी के मौसम में भी चेहरे को स्टीम (भाप) दे सकती हैं। यह चेहरे के रोमछिद्रों से गंदगी दूर करती है। स्टीम लेने के बाद चेहरे को टिशू पेपर से साफ करें और माश्चराइजर लगाएं।

यह त्वचा की देखभाल के लिए एक आवश्यक तत्व है। गर्मियों में भी त्वचा को इसकी काफी जरूरत होती है क्योंकि इस मौसम में त्वचा का प्राकृतिक तेल पसीने द्वारा बाहर निकलता रहता है और त्वचा रूखी, उदासीन तथा मैली–मैली सी दिखाई देती है।

सदैव दूधयुक्त माश्चराइजर का ही प्रयोग करें क्योंकि यह त्वचा की मृत कोशिकाओं को दूर करता है। इसमें एसिडिक पीएच नामक तत्व मौजूद रहता है, जो त्वचा को पोषण देता है। साथ ही यह त्वचा में पानी का संतुलन भी बनाए रखता है।

जो महिलाएं गर्मी में माश्चराइजर के प्रयोग को महत्ता नहीं देतीं, उन्हें यह जान लेना चाहिए कि जब वे बार–बार अपना चेहरा धोती हैं तो त्वचा अपनी नमी खो देती है और त्वचा में प्राकृतिक तेल असंतुलित हो जाता है, साथ ही पानी की मात्राा भी कम हो जाती है, जिससे त्वचा अपना लचीलापन व कांति खोने लगती है। परिणामस्वरूप यह बेहद रूखी लगने लगती है।

अतः आप जब भी नहाएं या चेहरा धोएं, उसके तुरंत बाद वैसलीन या बॉडी लोशन अवश्य लगाएं जिसमें विटामिन ई भरपूर मात्राा में हो। यह त्वचा में तेल व पानी का संतुलन बनाए रखेगा। साथ ही यह त्वचा को सेहतमंद भी बनाएगा व रक्तप्रवाह को भी सुचारू रूप से चलाने में सहायक सिद्ध होगा। वनस्पति तेल, सूखे मेवे, मक्खन, अखरोट तथा विभिन्न प्रकार के अनाज विटामिन के मुख्य स्रोत हैं।

त्वचा पर बॉडी लोशन का प्रयोग सूर्य व पानी के हानिकारक प्रभाव से इसकी रक्षा करता है। अतः यदि आप सदैव त्वचा को कोमल व मुलायम बनाए रखना चाहती हैं और किसी भी दुष्प्रभाव से बचाना चाहती हैं तो नियमित रूप से बॉडी लोशन का प्रयोग करें। ध्यान दें कि माश्चराइजर को इस्तेमाल करने से पूर्व चेहरे को भली भांति साफ कर लें वरना चेहरे पर जमी मैल की चेहरे की भीतरी त्वचा के अंदर परतें बन जाएंगी जो बाद में मुंहासों को जन्म देंगी। चेहरे की सफाई हेतु एस्ट्रिजेंट, क्लींजिंग मिल्क, फेस वॉश साबुन का प्रयोग कर सकती हैं।

इसके अलावा प्राकृतिक चीजों जैसे कच्चे दूध व नींबू को मिलाकर क्लींजर बनाया जा सकता है। गुलाबजल व नींबू के रस को भी चेहरे की सफाई के लिए इस्तेमाल में लाया जा सकता है। अनन्नास का रस भी आपके चेहरे की सफाई के लिए अच्छा क्लींजर साबित हो सकता है।

चेहरे की भली भांति सफाई करने के बाद ही माश्चराइजर का प्रयोग करें। वैसे रात को सोते वक्त इसका प्रयोग काफी लाभप्रद होता है। चेहरे के अलावा हाथों व पैरों पर भी माश्चराइजर की मसाज करें। इससे उनकी कोमलता बरकरार होगी।

कुछ लोगों को गर्मियों में भी होंठ फटने की शिकायत रहती है उन्हें रात को सोते समय होंठों पर माश्चराइजर लगाना चाहिए। महिलाएं सूखे होंठों के लिए इसे लिपस्टिक लगाने से पूर्व भी इस्तेमाल कर सकती हैं, इससे होंठों की नमी बरकरार रहेगी व लिपस्टिक अधिक देर तक टिकी रहेगी।

यौन (Sex) रोगों के ईलाज के लिये शेख दवाखाने का नाम हिन्दुस्तान ही नही पूरी दुनिया में कई दशको से जाना जाता है।

एक मुलाकात डा. शेख के साथ

- Gold Medalist
- Best Sexologist of India
- Pride of Country
- Kohinoor A Tith
- Chikitsak Ratan
- Manav Seva Ratan
- Abhinav Dharam Ratan

प्र. सर मैं शादी से परेशान हूँ कभी ईलाज कर चुका हूँ कोई फायदा नहीं हुआ।

उ. आप हमारे दवाखाने पर आईये और मरीजो संबंधित हमारे यहाँ पर बीमारी जडी-बूटियों और मशीनो से ईलाज किया जाता है जो शत-प्रतिशत कारगार ईलाज है।

प्र. शीघ्रपतन (Premature Ejaculation) की वजह से मेरा वैवाहिक जीवन खतरे मे पड़ा है ईलाज बताये

उ. शीघ्रपतन का दवा अभी बाजी को कभी संतुष्ट नहीं कर सकता शीघ्रपतन कई प्रकार से आज दीवाना हलाक हो रहे है और अपना नपुसंकता बनाये बैठे है हमारे यहाँ पर इसका सफल ईलाज मौजूद है या आप हमारी वर्ल्ड एक्टसा टाईम पत्ती उपयोग कर सकते है।

प्र. क्या लिंग (Penis) का लम्बाई बढ़ सकता है।

उ. बचपन में की गई गलतियों के कारण या हार्मोनस असंतुलन होने की वजह से लिंग के अंदर कीटाणु, पतलापन है तो इसका ईलाज हमारे यहाँ कई दशको से किया जा रहा है जो शत-प्रतिशत कारगार है या आप हमारी XXL Cream उपयोग कर सकते है।

प्र. आजकल नौजवानो को स्वप्नदोष (Nightfall) की आम समस्या हो गई है नौजवान इसका अच्छा ईलाज करा कर परेशान है। कोई सफल ईलाज बताये।

उ. नौजवान आजकल ब्लू फूड और नंगी फिल्में और इंटरनेट का ज्यादा उपयोग कर रहे है इसकी वजह से स्वप्नदोष की आम समस्या है हमारा इनके लिये यही सलाह है की वह सभी संभोग को छोड़कर और गीत इत्तियों के चक्कर में न पड़े किसी योग्य डाक्टर की सलाह ले शेख दवाखाने पर आप स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, का ईलाज किया जाता है और स्थायी फल प्राप्तकर के चक्र से दवा भी बाजार में उपलब्ध है।



प्र. आजकल सरकार हॉस्पिटलों आसान न होने की वजह से या शुक्राणुओं की कमी के कारण पता नहीं बन पा रहे है।

उ. आजकल IVF सुविधा उपलब्ध आम बात हो गई है डाक्टर जिन रोगियो के वीर्य के अंदर 50 से 100% शुक्राणु है उनको भी ये (IVF) की सलाह दे रहे है। शेख दवाखाने पर जिन लोगों के शुक्राणु कम है, पिस है या कुछ है उनके लिये देसी जडी-बूटियों चरणो, कुश्तों, शीरा सरप, स्वर्ण मकरध्वज जैसी औषधुन तथा तैयार है और इन दवाओं के इस्तेमाल से 80% रोगीयों को लाभ पहुँचा है और उनको औलाद का सुख प्राप्त होता है। अगर आप भी शुक्राणुओं की समस्या से परेशान है तो एक बार अवश्य शेख दवाखाने पर सम्पर्क करें।

प्र. क्या आप की दवाई विदेशों में भी प्राप्त हो जाती है।

उ. हमारी दवाई व हमारे ईलाज देश के साथ विदेशों में भी उपलब्ध कराये जाते है। हमारे दवाखाने पर हमारे देशों से कीमत ईलाज के लिये आते है और जो कई साऊदी अरब, कुवैत, ईरान, ईराक, अमेरिका, कीनिया, चीन, इंडोनेशिया, अफ्रीका व आन्य देशों से रह रहे है और ईलाज के लिये भारत नहीं आ सकते उनसे फोन पर सम्पर्क करके व उनकी बिमारी को समझकर उनकी दवाई डाक की जरिये भेजी जाती है। इसको पहले शेख दवाखाने के एकाउंट में पैसा जमा करना होता है।

स्वप्नदोष (Nightfall),
स्त्री-पुरुषों में कामशीलता,
शीघ्रपतन (Premature Ejaculation)
वीर्य में शुक्राणु न होना (Azoospermia)
स्त्री-पुरुषों में संभोग शक्ति का अभाव

स्त्री-पुरुषों में सन्तानहीनता (Infertility),
वीर्य में शुक्राणु कम होना (Oligospermia),
पुरुषों में विभिन्न यौन समस्याएँ
इन्द्रीय दुर्बलता आदि
समस्याओं का सर्वोत्तम निदान

भारत प्रसिद्ध *Best Sexologist in India* गोल्ड मेडलिस्ट

डा. शेख

G.A. M.S. (Ayurvedacharya), D.U.M. (Unani), M.D.(TCM) Specialist (Sex & Piles)
A.R.S.H London (U.K.) (Most Senior Consultant in Ayurveda)

मिलें रोजाना पल्लवल | मिलें हर इतवार मथुरा | मिलें हर शुक्रवार आगरा | मिलें हर मंगलवार नोएडा | मिलें हर शनिवार फरीदाबाद

9837023223, Web. : www.drsheikh.in, E-mail : drsheikhvip@gmail.com

YouTube Indiamart Justdial lybrate Dr. Sheikh

GAARGA CREATION'S

PRESENT

TALENT HUNT INDIA 2021

DANCE | FASHION SHOW

SEP 10

SPECIAL GUEST

MR.ANIL ARORA

Co-Editor, Director, Brand Ambassador & Vice President (AIFTAA)

Vanshdhara मार्गदर्शन

| SOLO-700/- | DUET-900/- |

REGISTER YOURSELF : 9654723591 | 9667687796